(181)

# भारत संचार निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक दूरसंचार, मध्यप्रदेश परिमंडल, भोपाल

**कमांक–12/बुक अवार्ड एवं इंसेन्टिव/2016–17/ 181** **भोपाल दिनांक 28 /06/2016**

***परिपत्र***

प्रति

1. सभी जोनल जनरल मैनेजर, मध्यप्रदेश परिमंडल।
2. सभी दूरसंचार इकाई प्रमुख,, मध्यप्रदेश परिमंडल ।
3. मुख्य अभियंता (सिविल)/(विधुत), मध्यप्रदेश परिमंडल।
4. सभी वरिष्ठ महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, परिमंडल कार्यालय।

विषय: वर्ष 2015 – 16 के दौरान कक्षा 1ली से 11वी तक के स्कूल में अध्ययनरत प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को बुक अवार्ड स्वीकृत करने के संबंध में।

1. मुझे इस विषय में अनुरोध करने का निर्देश हुआ है कि वर्ष 2016–17 में देय बुक अवार्ड के प्रकरणों का निस्तारण सभी दूरसंचार जिला कर्मचारी कल्याण बोर्ड कृपया अपने स्तर पर करें। सभी इकाई प्रमुखों से यह भी अनुरोध है बुक अवार्ड के पात्र प्रकरणों का निस्तारण निधि (Fund) की उपलब्धता के अनुसार मेरिट आधार पर करने की व्यवस्था करें । इस हेतु सभी इकाई प्रमुख अपने अधीनस्थ अमले में संलग्न परिपत्र का व्यापक प्रचार–प्रसार करने की व्यवस्था करें। निगम मुख्यालय द्वारा बुक अवार्ड हेतु आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 31 जुलाई 2016** निश्चित की गई है। 31 जुलाई 2016 के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाए।
2. परिमंडल कार्यालय व इसकी संलग्न सभी इकाई जैसे–सिविल/इलेक्ट्रिकल/ सीएमटीएस/ आर्किटेक्ट/ सीटीएसडी/सीआरसी आदि के इकाई प्रमुखों से अनुरोध है अपने अधीनस्थ अमले के बीच संलग्न परिपत्र का व्यापक प्रचार–प्रसार कराएं और इच्छुक कर्मचारियों के आवेदन पत्रों के समुचित सत्यापन संवीक्षा/छानबीन (Scrutiny) तथा अभिप्रमाणित अंक सूची/प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन इस तरह भेजें कि परिमंडल कार्यालय के कल्याण अनुभाग में दिनांक 31 जुलाई 2016 तक निश्चित रुप से पहुँच जाएँ । दिनांक 31 जुलाई 2016 के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। **कृपया इस परिपत्र के साथ संलग्न आवेदन पत्र का अवलोकन कीजिए।**

28/6/16

(श्रीमती संजू शर्मा)

सचिव, म0प्र0 परिमंडल कर्मचारी कल्याण बोर्ड एवं

उप मंडल अभियंता (कल्याण)

मोबाईल– 9425010733

प्रतिलिपि : कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. मुख्य महाप्रबंधक के वरिष्ठ निज सचिव ।
2. परिमंडल सचिव, बीएसएनएलईयू/एनएफटीई/एसएनईए/एआईबीएसएनएलईए/एससीएसटी इम्पला0 वेलफेयर एसोसिएशन म0प्र0 परिमंडल।
3. परिमंडल कर्मचारी कल्याण बोर्ड के सभी सदस्य।
4. सभी अधिकारी/प्रभारी अनुभाग पर्यवेक्षक परिमंडल कार्यालय।
5. लेखाधिकारी–एचआर/सीएमटीएस/वायरलेस/सिविल/इलेक्ट्रिकल/टेलीकॉम अकाउंट की ओर कृपया संबंधित कर्मचारी/अधिकारी के आवेदन पत्रों का सत्यापन सेवा पुस्तिका से कर नियत तिथि तक इस कार्यालय को अग्रेषित करें।

## *बुक अवार्ड हेतु दिशा निर्देश*

1. ऐसे सभी कर्मचारी इस योजनान्तर्गत आवेदन करने के लिए पात्र हैं जिनका मूल वेतन दिनांक 01/04/2016 की स्थिति में आईडीए स्केल में अधिकतम 38,630/– प्रति माह हो।
2. कक्षा 2री से 12वी तक अध्ययनरत प्रतिभाशाली छात्रों को वर्ष 2015–16 में आयोजित कक्षा 1ली से 11वी तक की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक के आधार पर बुक अवार्ड प्रदान किया जाएगा।
3. बुक अवार्ड के लिए आवेदन पत्र के साथ अंक सूची की अनुप्रमाणित प्रति संलग्न होना चाहिए।
4. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ावर्ग के बच्चों के मामलों में निर्धारित न्यूनतम अंकों में अधिकतम 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।
5. सभी वर्ग की बालिकाओं के मामलों में निर्धारित न्यूनतम अंकों में अधिकतम 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी । तथापि दोनों रियायतों का लाभ एक साथ नहीं लिया जा सकेगा।
6. यदि पाल्य निजी शिक्षण संस्था में अध्ययनरत हैं तो वह संस्था राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए।
7. बुक अवार्ड का लाभ अधिकतम दो बच्चों को निधि की उपलब्धता के आधार पर दिया जाएगा।
8. बुक अवार्ड हेतु बीएसएनएल निगमित कार्यालय नई दिल्ली द्वारा जो न्यूनतम पात्रता मापदण्ड परिचारित किए गए हैं उन्हें किसी भी परिस्थिति में शिथिल नहीं किए जा सकते।
9. यदि बुक अवार्ड के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक होती है तो निर्धारित पात्रता मापदण्ड में वृद्धि की जा सकती है ताकि उस मद में उपलब्ध निधि की सीमा के भीतर प्रबंध किया जा सके।
10. आवेदन पत्र के सभी कॉलम विधिवत भरे होने चाहिए। अधूरे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। बुक अवार्ड के आवेदन पत्र का नमूना अनुलग्नक **"क"** में दिया जा रहा हैं।
11. आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि **31 जुलाई 2016** निश्चित की गई है इस तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**बुक अवार्ड की दरें :**

- कक्षा 2री से 5वी तक (कक्षा 1ली से 4थी में प्राप्त अंकों के आधार पर) — 600/–
- कक्षा 6वी से 8वी तक (कक्षा 5वी से 7वी में प्राप्त अंकों के आधार पर) — 800/–
- कक्षा 9वी से 12वी तक (कक्षा 8वी से 11वी में प्राप्त अंकों के आधार पर) — 1000/–

(श्रीमती संजू शर्मा)
सचिव
म0प्र0 परिमंडल कर्मचारी कल्याण बोर्ड एवं उप मंडल अभियंता (कल्याण)
मोबाईल– 9425010733

## अनुलग्नक "क"

**शैक्षणिक सत्र 2015–16 के आधार पर कक्षा 1 से 11 तक के उत्कृष्ट छात्र/छात्राओं के लिए पुस्तक पुरस्कार (Book Award) वर्ष 2016–17 के लिए मंजूरी हेतु विहित आवेदन पत्र**

1. आवेदक का नाम (Perner No.)
2. पदनाम :
3. कार्यालय का नाम एवं टेलीफोन नम्बर :
4. Salary Account No. & Name of Bank :
5. दिनांक 01.4.2016 की स्थिति में मूल वेतन (आईडीए) :
6. क्या अजा/अजजा/अपिव से संबंधित है :
7. छात्र/छात्रा का नाम :
8. आवेदक के साथ संबंध :
9. वर्ष 2015–16 के दौरान छात्र किस कक्षा में अध्ययनरत था :
10. वर्ष 2015–16 में उत्तीर्ण की गई वार्षिक परीक्षा में प्राप्तांक : पूर्णांक............प्राप्तांक............प्रतिशत..
    (अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
11. शिक्षण संस्था का नाम एवं पता जहॉ छात्र/छात्रा अध्ययनरत् है :..............................................................
    ..........................................................
12. क्या उक्त संस्था केन्द्र/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त है :
    (केवल निजी संस्थाओं के मामलों में)
13. क्या किसी अन्य बच्चें के संबंध में भी बुक अवार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि हॉ, तो कृपया तत्संबंधी ब्यौरा प्रस्तुत करें। :

मैं घोषित करता/करती हूँ कि मेरी पत्नी/मेरे पति..................................................में नियुक्त हैं। किन्तु वह इस योजनान्तर्गत आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है। वे इस अवार्ड के लिए मेरे उपर्युक्त बच्चे के लिए आवेदन नहीं करेंगे /करेगी।

स्थान : (आवेदक के हस्ताक्षर)
दिनांक :

## ***संस्था प्रमुख का प्रमाण पत्र***

प्रमाणित किया जाता है कि ---------------आत्मज/आत्मजा/श्री ---------------जोकि कार्यालय----------------------------में कार्यरत है। वर्ष 2015–16 के दौरान इस संस्था में कक्षा ---- का/की छात्र/छात्रा था/थी और वर्तमान में वर्ष 2016–17 के दौरान कक्षा -------में अध्ययनरत है। उसने मार्च/अप्रैल 2016 में आयोजित कक्षा --------की वार्षिक परीक्षा --------प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए उत्तीर्ण की। यह संस्था राज्य/केन्द्र द्वारा मान्यता प्राप्त है। (केवल निजी संस्थाओं के मामलों में)

स्थान :

दिनांक : संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर

संस्था की मोहर

## ***बीएसएनएल कार्यालय का प्रमाण पत्र***

(प्रशासन अथवा आहरण एवं संवितरण कार्यालय)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती----------------------------के आवेदन पत्र जो कि उनके 'पुत्र/पुत्री को बुक अवार्ड की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया गया है के कॉलम 1 से 8 में दी गई जानकारियों का सत्यापन कर्मचारी की सेवा पुस्तिका से किया गया और सहीं पाया गया।

स्थान :

दिनांक : सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर और पदनाम

### ***केवल कार्यालय उपयोग हेतु***

कक्षा ------------ वार्षिक परीक्षा में प्राप्तांक..................................

प्रतिशत ..................................

क्या बुक अवार्ड की मंजूरी के लिए योग्य है/ यदि नही तो कारण --------------------
--------------------

कार्यालय सहायक /संविक्षक के हस्ताक्षर

सचिव, बीएसएनएल मध्यप्रदेश परिमंडल/जिला कर्मचारी कल्याण बोर्ड की टिप्पणी और हस्ताक्षर

------------------------------------------------------------

हस्ताक्षर -------------